प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने विशेष अदालत में झारखंड के तीन कुख्यात नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की, राउरकेला में लूटे गये विस्फोटक मामले में जांच शुरू।
2. शराब घोटाला मामले में आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह रिमांड अवधि पूरी होने के बाद भेजे गये जेल, एसीबी अब अन्य तीन आरोपियों को रिमांड पर लेने की कर रही तैयारी।
3. विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गिरिडीह, साहिबगंज और सिमडेगा में किसानों को नयी तकनीक और कृषि योजनाओं की दी जा रही जानकारी।
4. झारखंड के 11 जिलों में आज और कल गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना, दो जून के बाद मौसम होगा साफ।
5. रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल प्रतियोगिता का खेल जारी, पहले दिन महिला वर्ग में झारखंड को मिला पहला स्थान।

*******************

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एनआइए की विशेष अदालत में झारखंड में तीन कुख्यात नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर तीनों नक्सलियों पर भाकपा माओवादी संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और जबरन वसूली में कथित रूप से शामिल होने का आरोप है।

इधर ओड़िशा के राउरकेला में लूटे गये विस्फोटक मामले की जांच में एनआइए की टीम जुट गयी है।

*******************

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को शनिवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। दो दिनों की रिमांड अवधि शनिवार को खत्म होने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं अन्य आरोपियों सुधीर कुमार, सुधीर दास और नीरज सिंह को एसीबी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।

*******************

देवघर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के अलावा रुटलाइन की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों और कार्यपालक अभियंता को उचित दिशा निर्देश दिया।

*******************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने वाला एक जन–आंदोलन है। इधर इस अभियान के तहत गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड में कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को नवीनतम कृषि उपकरणों की जानकारी दी।

साहिबगंज में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक किसानों के बीच कृषि की नयी और उन्नत तकनीक की जानकारी दे रहे हैं। उधर सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को खरीफ फसलों के लिए आधुनिक तकनीक, कृषि से जुड़ी सरकार की लाभकारी योजनाओं, फसल चयन और उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई।

*******************

गंगा दशहरा के अवसर पर 5 जून को बोकारो के तेलमच्चो में देवनद दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बताया कि इस साल झारखंड में 45 स्थानों पर दामोदर महोत्सव होगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंध्रप्रदेश में ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर कुशल बृजिया के पार्थिव शरीर को उसके घर तक पहुंचाने के लिए लातेहार डीसी को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। उन्होंने मृतक के परिवार को हर जरूरी सरकारी योजना से जोड़ने का भी निर्देश दिया है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज राजधानी के मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में चाय पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए मॉर्निंग वॉकर्स और रांची वासियों के साथ संवाद कर रहे हैं। इस दौरान वन नेशन–वन इलेक्शन विषय पर चर्चा कर रहे हैं।

*******************

गिरिडीह जिले के बगोदर में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने बताया कि मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

*******************

नियमित रूप से योग का अभ्यास हर उम्र वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित होता है। कैंसर को मात देने वाले चौरासी वर्षीय चन्द्रदेव सिंह हर दिन योगाभ्यास करते हैं और फिट रहते हैं।

*******************

झारखंड के 11 जिलों में एक और दो जून को गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि जिन 11 जिलों में बारिश की संभावना है उनमें राज्य के उत्तर–पूर्वी जिले देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज और दक्षिणी जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला–खरसावां शामिल है।

*******************

झारखंड राज्य वुडबॉल संघ की ओर से पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल चैंपियनशिप पुरुष और महिला वर्ग का आयोजन जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हुआ। पहले दिन के खेल में कल झारखंड महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल रहा जबकि बिहार की टीम तीसरे स्थान पर रही।

इधर डोरंडा कॉलेज में 5 जून को एक दिवसीय विशेष कराटे कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने जैक बोर्ड के इंटर साइंस और कॉमर्स परीक्षा का परिणाम जारी करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने इस पर लिखा है– इंटर साइंस में अंकिता और कॉमर्स में रश्मि बनीं झारखंड की टॉपर।

दैनिक भास्कर ने की सुर्खी है– आइपीएल में आज मिलेगा दूसरा फाइनलिस्ट।

हिंदुस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ आठ राज्यों में एनआईए की छापेमारी की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पूछताछ के बाद जेल भेजे गये विनय चौबे और गजेंद्र सिंह।

अंग्रेजी अखबार द टाईम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भारत पाकिस्तान के बीच टकराव के दौरान भारतीय जेट विमानों के संभावित नुकसान पर सीडीएस अनिल चौहान के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******************